कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक– 2753/11–सी–FP/UP/Approach/153338/2022 लखनऊ: दिनांक फरवरी 25 2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
गोरखपुर मण्डल
गोरखपुर।

विषय– जनपद–देवरिया में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 द्वारा देवरिया–कसया मार्ग (एम0एच0–79) के कि0मी0 क0–11 (चैनेज क0–100) के मध्य दांयी पटरी पर गाटा सं0–418 ग्राम सिरसिया तहसील व जिला–देवरिया में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन से प्रभावित 0.075028 हे0 वनक्षेत्र वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 05 पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भ– इस कार्यालय का पत्रांक–693/11–सी–FP/UP/Approach/153338/2022, दिनांक 26.08.2022 एवं आपका पत्रांक–1974/2–6, दिनांक 03.02.2023

महोदय,

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में इंगित की गयी कमियों का निराकरण आपने अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 03.02.2023 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त पुनः निम्नलिखित कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गया–

1. प्रस्ताव में पातन होने वाले वृक्षों की सूची संलग्न है किन्तु सूची में व्यासवर्ग पुनः गलत अंकित है।
2. ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–13(iii) में अपलोड किये गये Geo Referenced Digital Map पर प्रभागीय निदेशक के पुनः हस्ताक्षर अंकित नहीं किये गये है।
3. ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–6 में पुनः त्रुटिपूर्ण डाटा फीड किया गया है। अतः सही डाटा फीड करें।
4. प्रस्ताव में संलग्न पेनड्राइव में पुनः पूर्ण प्रस्ताव की सभी अभिलेखों की अलग–अलग पी0डी0एफ0 फाइल अपलोड की गयी है, जोकि त्रुटिपूर्ण है अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव की एक पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव में अपलोड कर तीनों प्रस्तावों में संलग्न करें।

अतः कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव की 03 प्रतियाँ प्राप्त कराकर, इंगित कमियों का निराकरण के पश्चात् पूर्ण संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक– 2753 /11–सी–FP/UP/Approach/153338/2022, दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया।
2. टेरीटरी मैनेजर, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0, गोरखपुर प्रादेशिक कार्यालय, बैतालपुर डिपो, देवरिया।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक गोरखपुर मण्डल गोरखपुर
पत्रांक 218/2-6 दिनांक गोरखपुर दिनांक 28/3/23
प्रतिलिपि – प्रभागीय निदेशक सा0वा0 देवरिया को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित प्रस्ताव में से शेष आपत्ति हेतु आवश्यक मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के मार्गदर्शन एवं दिये गये निर्देशानुसार आपत्तियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव संलग्नक इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे आगे की कार्यवाही की जा सके।

मुख्य वन संरक्षक
गोरखपुर मण्डल गोरखपुर

Acy-269